नई दिल्ली/लखनऊ > सोमवार 4 मार्च 2019 > फाल्गुन 13 शक संवत 1940 फाल्गुन कृष्ण त्रयोदशी विक्रम 2075 YOUNG INDIA > YOUNG PAPER पेज 16 > मूल्य सिर्फ 3.00 रु. facebook.com/nbtlucknow>twitter.com/nbtlucknow

NBT नवभारत टाइम्स

महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं

दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का हुआ समापन

■ एनबीटी, गोसाईंगंजः कासिमपुर बिरुहा स्थित स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस (एसएमएस) कॉलेज में 'विकासशील अर्थव्यवस्था से विकसित अर्थव्यवस्था में परिवर्तन' विषय पर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी का रविवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य अतिथि रिटायर्ड आईएएस आलोक रंजन ने कहा कि उन्होंने देश में सकल घरेलू उत्पाद के मामलों में विकास करने से सम्बंधित कई सुझाव दिए। साथ ही सरकार के विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे विकास कार्यों पर भी प्रकाश डाला। वहीं एसएमएस के महानिदेशक (तकनीकी) प्रो. बीआर सिंह व निदेशक प्रो. नीरज मेहरोत्रा ने संस्थान की उपलब्धियों व सुविधाओं से सभी को रूबरू कराया। इस मौके पर शरद सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, प्रो. राणा सिंह, समेत तमाम शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।